[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, शनिवार, 02 मई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 210, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

**अनमोल वचन**

जो प्राणिमात्र के लिये अत्यन्त हितकर हो, मै इसी को सत्य कहता हूँ।

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी भौंरी... 02

03 कृषि विभाग की योजनाओं से ...

## खबर संक्षेप

### साहित्य अकादमी ने 16.74 लाख रुपए की सहायता स्वीकृत

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न साहित्यिक सहयोग योजनाओं के अंतर्गत कुल 16.74 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अकादमी सचिव डॉ. बसंत सिंह सोलंकी ने बताया कि पांडुलिपि प्रकाशन सहयोग योजना के तहत 112 पांडुलिपियों को 11.95 लाख रुपए का सहयोग दिया गया है, जिनमें काव्य, कथा, उपन्यास, निबंध एवं अन्य विधाएं शामिल हैं। इसी प्रकार प्रकाशित ग्रंथों पर सहयोग योजना में 21 पुस्तकों को 1.74 लाख रुपए तथा साहित्यिक पत्र-पत्रिका सहयोग योजना के अंतर्गत 9 पत्र-पत्रिकाओं को 1.80 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वहीं साहित्यकार आर्थिक सहयोग योजना में 5 साहित्यकारों को 1.25 लाख रुपए की सहायता प्रदान की गई है। अकादमी की इस पहल से प्रदेश में साहित्य सृजन, प्रकाशन और प्रसार को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही उभरते एवं स्थापित रचनाकारों को नई ऊर्जा मिलेगी।

### सहायक आचार्य भर्ती में ओरल सर्जरी की मुख्य सूची जारी

**अजमेर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) भर्ती-2024 के अंतर्गत ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विषय के लिए मुख्य सूची जारी की गई है। आयोग सचिव के अनुसार इस पद हेतु 30 अप्रैल 2026 को साक्षात्कार आयोजित किया गया था, जिसके उपरांत एक अभ्यर्थी को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है। विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### सहायक आचार्य भर्ती में रेडियो डायग्नोसिस की विचारित सूची जारी

**अजमेर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के तहत रेडियो डायग्नोसिस विषय की विचारित सूची जारी की है। इसमें 70 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु अस्थाई रूप से शामिल किया गया है। आयोग सचिव ने स्पष्ट किया कि यह सूची केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से जारी की गई है, इसे साक्षात्कार हेतु अंतिम चयन सूची नहीं माना जाएगा। अंतिम सूची पात्रता जांच के बाद जारी की जाएगी। सूची में शामिल अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर दो प्रतियों में भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित 11 मई 2026 सायं 6 बजे तक आयोग कार्यालय में जमा कराना होगा।

### पशु चिकित्सा अधिकारी व सहायक कृषि अभियंता परीक्षा की मॉडल उत्तरकुंजी जारी

**अजमेर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने पशु चिकित्सा अधिकारी (पशुपालन विभाग) एवं सहायक कृषि अभियंता (कृषि विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2025 की मॉडल उत्तरकुंजियां जारी कर दी हैं। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि अभ्यर्थी 2 से 4 मई 2026 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन आपत्तियां दर्ज कर सकते हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आपत्ति शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि आपत्तियां केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार की जाएंगी और प्रामाणिक प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### सलूम्बर में उचित मूल्य दुकानों हेतु आवेदन आमंत्रित

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले में रिक्त एवं नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला रसद अधिकारी के अनुसार आवेदन पत्र 4 मई से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय से प्राप्त किए जा सकेंगे। आवेदन के साथ 100 रुपये का भारतीय पोस्टल ऑर्डर संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा पूर्ण आवेदन 3 जून 2026 शाम 5 बजे तक जमा किए जा सकेंगे। जिले में लोदा, झाडोल ए, नाकौली, पाराई, देवपुरा ए एवं भालडिया क्षेत्रों में दुकानों के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

## विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम हेतु एमओयू:

# युवाओं को मिलेगा वैश्विक अवसरों का मंच

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com







**जयपुर।** प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्य सरकार ने विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ एमओयू किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह पहल युवाओं को रोजगार और कौशल से जोड़कर उन्हें नई उड़ान देने का कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में पेपर लीक जैसी घटनाओं से युवाओं के साथ अन्याय हुआ, लेकिन वर्तमान सरकार ने पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए अब तक 351 परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की हैं और एक भी पेपर लीक नहीं हुआ।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेजेज यूनिवर्सिटी, हैदराबाद तथा नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन सहित अन्य संस्थाओं के साथ एमओयू किए हैं, जिसके तहत युवाओं को फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, जापानी और कोरियन भाषाएं सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी भाषाओं का ज्ञान युवाओं को अंतरराष्ट्रीय कंपनियों, संगठनों और विदेशों में रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान जैसे पर्यटन प्रधान राज्य में विदेशी भाषाओं का विशेष महत्व है। यहां आने वाले विदेशी पर्यटकों के कारण गाइड, होटल मैनेजमेंट, ट्रैवल एजेंसी और व्यापार से जुड़े क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में 71 नए राजकीय महाविद्यालय खोले गए हैं तथा 185 महाविद्यालय भवनों का निर्माण कराया गया है। साथ ही युवाओं को सवा लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं और 1 लाख 33 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। निजी क्षेत्र में भी लगभग 3 लाख रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं।






#### भाषा समाज को जोड़ने का माध्यम: केंद्रीय शिक्षा मंत्री

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा को बहुभाषी और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने पर विशेष बल दिया गया है, जिससे युवाओं के लिए वैश्विक अवसरों के द्वार खुलेंगे।




#### वैश्विक मंच पर पहुंचेगा युवाओं का हुनर

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने कहा कि इस पहल से देश के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी भाषा कौशल से रोजगार के नए आयाम खुलेंगे और युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

#### एमओयू के माध्यम से नई संभावनाओं का विस्तार

कार्यक्रम में राज्य सरकार और इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेजेज यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के बीच विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम तथा स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर की स्थापना के लिए नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के साथ एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही नेशनल एंटरप्रेन्योर एम्पावरमेंट ड्राइव के अंतर्गत भी विभिन्न समझौते संपादित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें कौशल आधारित शिक्षा अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, उच्च शिक्षा सचिव डॉ. विनीत जोशी सहित बड़ी संख्या में युवा एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

## कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने ली उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक, लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

**राजस्व, न्यायालयीन एवं निर्वाचन सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा, पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर**

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com



**नागौर।** जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर उनके त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने राजस्व, एडीएम कोर्ट, जिला राजस्व लेखा, निर्वाचन, सामान्य एवं विधि अनुभागों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने राजस्व अनुभाग के अंतर्गत भूमि आवंटन, बजट घोषणा 2026-27 के तहत आवंटन प्रकरण, भूमि रूपांतरण, अतिक्रमण, लीज हस्तांतरण एवं नवीनीकरण तथा रास्ता खोलो अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही विधानसभा प्रश्नों से जुड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण पर भी जोर दिया।

कोर्ट अनुभाग की समीक्षा करते हुए कलक्टर ने लंबित राजस्व अपीलों, विभाजन प्रस्ताव, प्राथमिक एवं अंतिम डिक्री से जुड़े प्रकरणों तथा अन्य न्यायालयीन मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। एडीएम कोर्ट से संबंधित रिकॉर्ड तलब प्रकरणों की स्थिति का भी आकलन किया गया। जिला राजस्व लेखा अनुभाग के अंतर्गत आंतरिक लेखा जांच, लंबित आपत्तियों की पालना, एससीटी एवं एलआर एक्ट से जुड़े प्रकरणों के निस्तारण तथा भू-राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा की गई। निर्वाचन अनुभाग में ईआरओ नेट पर फॉर्म प्रोसेसिंग और निस्तारण की स्थिति पर चर्चा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

सामान्य अनुभाग के तहत ग्राम स्तर पर निर्माण अनुमति एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के जर्जर भवनों की रिपोर्ट की समीक्षा की गई। वहीं विधि अनुभाग में लंबित न्यायिक प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत करने और न्यायालयीन निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करते हुए कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर चंपालाल जीनगर सहित सभी उपखंडों एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजकीय जिला चिकित्सालय का जिला रजिस्ट्रार ने किया औचक निरीक्षण

**जन्म-मृत्यु रजिस्टरों में मिली अनियमितताएं, उप रजिस्ट्रार बोर्ड नहीं मिलने पर जताई नाराजगी**

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com



**सलूंबर ।** आमजन को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की सुलभ और त्रुटिरहित सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु पंजीयन एवं उप निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी शैल सिंह चौहान द्वारा शुक्रवार को राजकीय जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जन्म, मृत्यु एवं मृत-जन्म से संबंधित रजिस्टरों की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि चिकित्सालय में मृत्यु एवं मृत-जन्म के रजिस्टर व्यवस्थित रूप से संधारित नहीं किए जा रहे थे। इसके अलावा चिकित्सालय परिसर के अंदर एवं बाहर उप रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु पंजीयन का सूचना बोर्ड भी अनुपस्थित मिला। इस पर जिला रजिस्ट्रार ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि मृत्यु एवं मृत-जन्म के रजिस्टर नियमित एवं पूर्ण रूप से संधारित किए जाएं, ताकि प्रमाण पत्र जारी करने में किसी प्रकार की त्रुटि या विलंब न हो। साथ ही आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चिकित्सालय परिसर के बाहर उप रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु का बोर्ड तत्काल लगाने के निर्देश दिए गए। जिला रजिस्ट्रार एवं उप निदेशक डॉ. शैल सिंह सोलंकी ने बताया कि जिला कलक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. द्वारा साप्ताहिक बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत आमजन की शिकायतों में कमी लाने के लिए जिलेभर में रजिस्ट्रार एवं उप रजिस्ट्रार कार्यालयों के औचक निरीक्षण किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के माध्यम से पाई गई कमियों को दूर कर व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि नागरिकों को समय पर और सही सेवाएं मिल सकें।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने स्व-गणना से किया जनगणना 2027 का शुभारंभ, नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान में जनगणना 2027 की प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ शुक्रवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने लोक भवन में स्व-गणना के माध्यम से किया। इसके साथ ही प्रदेशभर में जनगणना गतिविधियों के प्रथम चरण की शुरूआत हो गई है। राज्यपाल ने नागरिकों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाने और स्व-गणना के माध्यम से सटीक एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।



उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा जनगणना वेब पोर्टल को सरल एवं उपयोगकर्ता अनुकूल बनाया गया है, जिससे आमजन बिना किसी कठिनाई के अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। राज्यपाल ने युवाओं और सामाजिक संगठनों से भी आह्वान किया कि वे डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग में दूसरों की सहायता करें, ताकि कोई भी व्यक्ति इस प्रक्रिया से वंचित न रहे। राज्यपाल ने कहा कि गणनाकर्मियों का सम्मान करें, उन्हें सही जानकारी दें और किसी भी प्रकार की शंका होने पर हेल्पलाइन का उपयोग करें। उन्होंने इसे राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में नागरिकों की भागीदारी का महत्वपूर्ण अवसर बताया। उल्लेखनीय है कि यह भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें डेटा संग्रह डिजिटल उपकरणों के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही नागरिकों को सुरक्षित वेब-आधारित प्रणाली के जरिए स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। जनगणना निदेशक विष्णु चरण मलिक ने बताया कि घर-घर सर्वेक्षण से पूर्व 1 मई से 15 मई 2026 तक नागरिक वेब पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना कर सकते हैं। इसके लिए व्यक्ति अपने मोबाइल नंबर और आवश्यक विवरण के साथ पोर्टल https://se.census.gov.in पर लॉग इन कर अपने एवं परिवार से संबंधित जानकारी ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

### CGHS की अतिरिक्त निदेशक व निजी सहायक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर/मेरठ @ पदमावत मीडिया।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के




एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए CGHS, मेरठ की अतिरिक्त निदेशक नताशा वर्मा तथा उनके निजी सहायक सनी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अनुसार 30 अप्रैल 2026 को मामला दर्ज किया गया था, जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि CGHS मुरादाबाद से मेरठ स्थानांतरण कराने के बदले 80 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। यह मांग स्वास्थ भवन, CGHS मेरठ में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों की ओर से निजी सहायक के माध्यम से की गई थी। शिकायत की पुष्टि के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया। कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपियों ने 50 हजार रुपये में सौदा तय किया। ट्रैप के दौरान निजी सहायक सनी को शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। यह राशि अतिरिक्त निदेशक नताशा वर्मा की ओर से ली जा रही थी। सीबीआई ने तत्पश्चात अतिरिक्त निदेशक नताशा वर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार मामले में अन्य संभावित संलिप्तताओं की भी जांच की जा रही है और पूरे नेटवर्क को खंगालने की कार्रवाई जारी है।

### माकड़सीमा में संध्या चौपाल, एसडीएम ने सुनी परिवेदनाएं

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** ग्राम रथ अभियान के तहत माकड़सीमा में किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को जनकल्याणकारी



योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जागरूक किया। इस दौरान एसडीएम जगदीश चन्द्र बामणिया ने ग्राम पंचायत माकड़सीमा में संध्या चौपाल आयोजित कर आमजन की समस्याएं सुनीं और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान तथा पेयजल से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए पीएचईडी अधिकारियों को निर्देशित किया। चौपाल में जल जीवन मिशन, खाद्य सुरक्षा योजना सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवाद प्राप्त हुए, जिन पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई कर आमजन को शीघ्र राहत देने के निर्देश दिए।

### ओगणा थाना की बड़ी कार्रवाई, हत्या के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले के ओगणा थाना क्षेत्र में हत्या की वारदात का




खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। प्रार्थी विरमचंद निवासी चौखलाबारा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज हुआ, जिसमें आरोपियों द्वारा पिंटू का अपहरण कर जंगल में ले जाकर हत्या करने की घटना सामने आई। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल तथा वृताधिकारी विवेक सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी रामरूप मीणा के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी करणलाल एवं प्रकाश उर्फ प्रवेश कुमार निवासी अम्बावी को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों ने पिंटू का अपहरण कर हत्या करना स्वीकार किया है।

### विश्व मजदूर दिवस पर खेरवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश गुप्ता के निर्देश पर विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर खेरवाड़ा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। अरावली मजदूर संघ , आजीविका ब्यूरो एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के सयुंक्त तत्वावधान में मजदूर संघ द्वारा खेरवाड़ा मे मजदूरो के अधिकारों पर रैली निकली गई, इस अवसर पर आजीविका ब्यूरो के संतोष पुनिया भी मंचसीन रहे।

---

नागरिकों से राष्ट्र निर्माण के महाअभियान में जुड़ने की अपील

# जनगणना 2027: मुख्यमंत्री ने स्व-गणना में लिया भाग










पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनगणना 2027 के अंतर्गत 1 मई से प्रारंभ हुई स्व-गणना प्रक्रिया में स्वयं भाग लेकर प्रदेशवासियों को प्रेरित किया। उन्होंने आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर अपना विवरण दर्ज करते हुए आवश्यक जानकारी भरकर फॉर्म सबमिट किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना 2027 डिजिटल और विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग देकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाए।

उन्होंने कहा कि सटीक और पूर्ण जानकारी ही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का आधार बनती है, इसलिए नागरिक स्व-गणना के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करें और इस प्रक्रिया को सफल बनाएं।

उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत 16 मई से प्रगणक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रारंभ करेंगे। इससे पूर्व 1 मई से 15 मई तक आमजन को स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके माध्यम से नागरिक घर बैठे ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

---

## जनगणना 2027 : जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने स्व-गणना में लिया भाग

नागरिकों से राष्ट्र निर्माण के इस महाअभियान में जुड़ने की अपील

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर ।** जनगणना 2027 के तहत 1 मई से प्रारंभ हुई स्व-गणना प्रक्रिया में जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने स्वयं भाग लेकर जिलेवासियों को प्रेरित किया। दोनों अधिकारियों ने अपने निवास पर आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in के माध्यम से आवश्यक जानकारी दर्ज कर स्व-गणना प्रक्रिया पूर्ण की। प्रमुख जनगणना अधिकारी के रूप में जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि स्व-गणना पोर्टल का उपयोग डेस्कटॉप अथवा स्मार्टफोन के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि परिवार का मुखिया या कोई भी एक सदस्य पूरे परिवार की जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर सकता



है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्व-गणना के पश्चात संबंधित प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी का सत्यापन करेगा। मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 16 मई से 14 जून 2026 तक किया जाएगा, जबकि स्व-गणना के लिए पोर्टल 1 मई से 15 मई तक खुला रहेगा।

जिला कलेक्टर ने नागरिकों को सतर्क करते हुए कहा कि पोर्टल पर लॉगिन के लिए मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी प्राप्त होगा, जिसे किसी के साथ साझा नहीं करें। उन्होंने कहा कि जनगणना विभाग कभी भी फोन या अन्य माध्यम से ओटीपी नहीं मांगता। स्व-गणना पूर्ण होने के बाद प्रत्येक नागरिक को एक यूनिक एसई आईडी प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है।

जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिलेवासियों से आह्वान किया कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और सटीक एवं पूर्ण जानकारी देकर जनगणना 2027 को सफल बनाएं।

उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत 16 मई से प्रगणक घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्य करेंगे, जबकि इससे पूर्व 1 मई से 15 मई तक नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है, जिससे वे घर बैठे अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।

---

## जिंदोली-रामा गांव में वित्तीय साक्षरता कार्यशाला आयोजित





### महिला श्रमिकों को बैंकिंग, बीमा और डिजिटल लेनदेन की दी गई जानकारी, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के बताए उपाय

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले के जिंदोली-रामा गांव में नेशनल सेंटर फॉर फाइनेंशियल एजुकेशन के तत्वावधान में वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की 30 से अधिक महिला श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षक पूनम मूथा द्वारा किया गया। इस दौरान महिलाओं को वित्तीय साक्षरता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं, जिनमें वृद्धावस्था के लिए धन प्रबंधन, बैंकिंग सेवाओं का उपयोग, बीमा की उपयोगिता तथा डिजिटल लेनदेन के सुरक्षित तरीके प्रमुख रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बढ़ते ऑनलाइन वित्तीय फ्रॉड से सतर्क रहने और उससे बचाव के उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। महिलाओं को यह भी समझाया गया कि वे अपने बैंक खातों, ओटीपी और निजी जानकारी को सुरक्षित रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना संबंधित संस्थाओं को दें।

कार्यक्रम संयोजिका विभा जानी ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं ग्रामीण महिलाओं में वित्तीय समझ विकसित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय जागरूकता के माध्यम से महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकती हैं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ आर्थिक निर्णय भी ले सकती हैं।

---

## जनगणना-2027 : जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा ने की स्व-गणना, आमजन से सहभागिता की अपील

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद ।** जनगणना-2027 के अंतर्गत प्रारंभ हुए स्व-गणना अभियान में जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा ने स्वयं भाग लेते हुए एसई पोर्टल पर अपने मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारी दर्ज कर प्रक्रिया पूर्ण की। इस पहल के माध्यम से उन्होंने जिले में स्व-गणना अभियान को गति प्रदान करते हुए आमजन को भी सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। जिला कलेक्टर ने बताया कि स्व-गणना नागरिकों को एक सशक्त और सुविधाजनक माध्यम उपलब्ध कराती है, जिससे वे बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली के माध्यम से यह प्रक्रिया न केवल सरल बनी है, बल्कि आंकड़ों की पारदर्शिता और गुणवत्ता भी सुनिश्चित होती है।

उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक निर्धारित पोर्टल के माध्यम से 15 मई 2026 तक अपनी स्व-गणना अवश्य पूर्ण करें। इसके पश्चात 16 मई से 14 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर दर्ज जानकारी का सत्यापन करेंगे। इस दौरान नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराकर सहयोग करना होगा, जिससे आंकड़े पूर्णतः सटीक और प्रमाणिक बन सकें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि पूर्व में दर्ज



जानकारी से प्रगणकों का कार्य भी सरल होगा और समय की बचत होगी। उन्होंने जनगणना को विकास योजनाओं की आधारशिला बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार जैसी योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए आमजन को जागरूक किया जाए तथा उन्हें किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रक्रियात्मक समस्या होने पर त्वरित सहायता प्रदान की जाए।

इस दौरान उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता, उप जिला जनगणना अधिकारी पीयूष भण्डारी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी आरती सोनी, मास्टर ट्रेनर राजेन्द्र सिंह चारण एवं पंकज साल्वी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## डग थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: सूदखोरी का नेटवर्क ध्वस्त, सैकड़ों वाहन व कृषि यंत्र बरामद

गरीबों को कर्ज के जाल में फंसाकर करता था शोषण, सुनील गोयल सहित गिरोह पर शिकंजा, भारी दस्तावेज जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**झालावाड़ ।** जिले के डग थाना क्षेत्र में अवैध सूदखोरी और आर्थिक शोषण के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संगठित ब्याजखोरी नेटवर्क का पदार्फाश किया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में आरोपी सुनील गोयल को नामजद करते हुए उसके विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी गई, जहां से भारी मात्रा में गिरवी रखे वाहन, कृषि यंत्र और अहम दस्तावेज बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार इस कार्रवाई में कुल 144 वाहन, 308 कृषि यंत्र एवं मशीनरी सहित बड़ी संख्या में दस्तावेज जब्त किए गए हैं। बरामद वाहनों में 70 ट्रैक्टर, 61 मोटरसाइकिल, 07 कार, 03 पिकअप, 01 ट्रक और 02 टैम्पो शामिल हैं। वहीं कृषि उपकरणों में 107 थ्रेसर मशीन, 29 ट्रॉली, 89 कृषि पंजा, 54 सीडल, 09 लहसुन सीडल, 09 रोटावेटर, 03 कुआं खोदने की मशीन, 02 गेहूं काटने की मशीन, 05 भूसा बनाने की मशीन तथा 01 मिर्च-मसाला पीसने की यूनिट शामिल है।




कार्रवाई के दौरान पुलिस को बड़ी संख्या में ऐसे दस्तावेज भी मिले, जिनका उपयोग ग्रामीणों को दबाव में लेने के लिए किया जाता था। इनमें 47 खाली हस्ताक्षरित स्टाम्प पेपर (करीब 5.01 करोड़ रुपये मूल्य), 147 हस्ताक्षरित खाली बैंक चेक, 60 अन्य खाली चेक, 39 मकानों के पट्टे, 09 वाहनों की आरसी, 03 किरायानामा स्टाम्प, 04 इकरारनामा और 04 जमीन की रजिस्ट्रियां शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी जरूरतमंद ग्रामीणों को ऊंचे ब्याज पर कर्ज देकर उनसे पहले ही खाली चेक और स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर करवा लेता था। बाद में इन दस्तावेजों का दुरुपयोग कर उन्हें कानूनी कार्रवाई का भय दिखाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। साथ ही बैंक से फाइनेंस करवाए गए वाहनों को अपने कब्जे में लेकर छिपा दिया जाता था, जिससे बैंक और रिकवरी एजेंसियां भी उन तक नहीं पहुंच पाती थीं।

थानाधिकारी भंवर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी के मकान, नव-निर्मित गोदाम और आजाद कॉलोनी स्थित कृषि फार्म पर एक साथ दबिश दी। कार्रवाई में थाना डग, गंगधार, पगारिया, उन्हैल, जिला स्पेशल टीम और साइबर टीम के पुलिसकर्मियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया।

पुलिस ने बरामद सभी सामान का पंचनामा तैयार कर थाना डग में विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच वृत्ताधिकारी गंगधार हेमंत गौतम को सौंपी गई है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध सूदखोरी और आर्थिक शोषण के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार के अवैध कर्ज और दबाव का शिकार हो रहा हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके।

---

## निम्बजा माता का 27वां पाटोत्सव धूमधाम से आयोजित

नवचण्डी यज्ञ, भजन संध्या व प्रसादी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, मंदिर जीर्णोद्धार पर हुआ विचार-मंथन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता: माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** श्रीमाल नगर (वर्तमान भीनमाल) के उत्तर दिशा स्थित नरता गांव में विराजित गौतम गोत्रीय श्रीमाली ब्राह्मणों की कुलदेवी निम्बजा माता का 27वां पाटोत्सव श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजन में देशभर से आए गोत्रीय बंधुओं और श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई।

पाटोत्सव के अवसर पर कुलदेवता चण्डीनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में लघुरुद्र का आयोजन किया गया। इसके पश्चात दोपहर में गौत्रीय बंधुओं के लिए भोजन प्रसादी रखी गई। शाम को नरता



गांव में भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें शेखर भाई एंड पार्टी ने भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वैशाख शुक्ल चतुर्दशी के पावन अवसर पर प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में नवचण्डी यज्ञ, ध्वजा आरती और प्रसादी का आयोजन किया गया। साथ ही आगामी वर्ष के चढ़ावे भी बोले गए। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की और माता के दरबार में धोक लगाई।

इस अवसर पर माता मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें गोत्रीय बंधुओं ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए और विकास कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। संस्थान अध्यक्ष बालकृष्ण शास्त्री ने मंदिर जीर्णोद्धार का संकल्प व्यक्त किया, वहीं मंत्री जयनारायण बोहरा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष त्रिलोक ने आय-व्यय का ब्यौरा रखा।

कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों का सम्मान साफा, शाल, मोमेंटो एवं दुपट्टा ओढ़ाकर किया गया। प्रचार मंत्री रमेश दवे ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस धार्मिक आयोजन में जितेन्द्र भाई, प्रशांत भाई, राजीव भाई, रजनीकांत, तेजस जोशी, कन्हैयालाल, सुकनलाल, जवाहर जोशी, प्रवीण भाई, रूपाशंकर, यज्ञदत्त जोशी, मनोज भाई, पुजारी जगदीश, राजू सहित बड़ी संख्या में गोत्रीय बंधु एवं गांव के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

## जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने गौतमेश्वर मेले की तैयारियों का लिया जायजा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** गौतमेश्वर मेले के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी एवं जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने शुक्रवार को अरनोद क्षेत्र में मेला स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग व्यवस्था, आवागमन मार्ग, चिकित्सा सुविधाओं सहित सुरक्षा इंतजामों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते



हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर और सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं जिला पुलिस अधीक्षक ने मेले के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रभावी यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## खबर संक्षेप

### स्व-गणना के प्रथम दिवस लोक सेवकों में उत्साह

**बड़गांव @ पदमावत मीडिया।** भारत की प्रथम डिजिटल जनगणना के अंतर्गत 1 मई से प्रारंभ हुई स्व गणना प्रक्रिया के पहले ही दिन



लोक सेवकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मदार के समस्त शिक्षकों एवं कार्मिकों ने एक साथ अपने-अपने घरों की स्व गणना कर जागरूकता का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। जनगणना विभाग द्वारा 1 मई से 15 मई तक प्रत्येक परिवार को मोबाइल या लैपटॉप के माध्यम से घर बैठे स्व गणना करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस पहल के तहत राज्य कर्मचारी भी शत-प्रतिशत स्व गणना सुनिश्चित करने को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमनलता वया, प्रथम सहायक रचना भारद्वाज, प्राध्यापक डॉ. बिन्नू शेखावत, डिंपल दाधीच, सुविधा दवे, क्रिस्टीना कोटेड, नरेश सोलंकी, ओमप्रकाश, रेणु धन्नावत, प्रेमलता शर्मा सहित सभी कार्मिकों ने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### विश्व नृत्य दिवस पर शुद्ध कथक की भावपूर्ण प्रस्तुति

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** अबुर्दा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान में विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर आयोजित



सांस्कृतिक कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य, संगीत और वादन की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में छात्राओं धन्वी जैन एवं रावि धाभाई ने शुद्ध कथक की प्रभावशाली प्रस्तुति देते हुए तीन ताल में तोड़े, गत, भाव, तिहाई एवं लयकारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुति के दौरान बोलों का सजीव उच्चारण प्राचार्य महेंद्र कुमार वर्मा ने किया, जबकि हारमोनियम पर सौम्या जैन ने लहरा और तबले पर संगत निदेशक विवेक अग्रवाल ने दी। इस अवसर पर कांगो वादन में छात्र तीर्थ व्यास ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि युवा बांसुरी वादक उत्तम श्रीमाली ने बांसुरी वादन से कार्यक्रम को विशेष ऊंचाइयां प्रदान कीं। उन्होंने रघुपति राघव राजा राम से शुरूआत करते हुए विभिन्न रचनाओं की प्रस्तुति दी, जिससे सभागार भावविभोर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ हरिनाम संकीर्तन से हुआ, जिसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने क्रमवार गायन, वादन एवं नृत्य प्रस्तुतियां दीं। राग बागेश्री में प्रस्तुत छोटा ख्याल तथा भजन प्रस्तुतियों को भी दर्शकों ने खूब सराहा। समापन पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा मुख्य अतिथि का उपरणा ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम ने शास्त्रीय कला के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि और समर्पण को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया।

### प्रथम डिजिटल जनगणना के तहत प्रदेश में स्व-गणना का शुभारंभ

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** भारत की प्रथम डिजिटल जनगणना के अंतर्गत आज से प्रदेशभर में स्व-गणना का कार्य आरंभ हो गया। इस अवसर पर आगामी 16 मई से शुरू



होने वाली मकान सूचीकरण एवं गणना के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं फील्ड ट्रेनर्स ने एक साथ अपने-अपने घरों की स्व-गणना कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस सामूहिक पहल के माध्यम से जनगणना कार्मिकों ने आमजन को यह संदेश दिया कि स्व-गणना एक सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक प्रक्रिया है, जिसे हर नागरिक आसानी से पूरा कर सकता है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों द्वारा स्वयं आगे बढ़कर भागीदारी निभाने से अभियान को सकारात्मक गति मिली है। जनगणना विभाग के अनुसार 1 मई से 15 मई 2026 तक नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसके पश्चात 16 मई से 14 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी का सत्यापन करेंगे। अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित पोर्टल के माध्यम से समय पर अपनी स्व-गणना पूर्ण करें और इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण का आगाज

# विधायक शांता अमृत लाल मीणा सहित अधिकारियों ने स्व-गणना कर किया शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**सलूंबर ।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत जिले में स्व-गणना अभियान का विधिवत शुभारंभ हो गया। नगर परिषद फायर स्टेशन में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान विधायक शांता अमृत लाल मीणा सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने स्वयं की स्व-गणना कर अभियान की शुरूआत की और आमजन को प्रेरित किया। कार्यक्रम में सांख्यिकी विभाग के शैल सिंह ने जनगणना प्रक्रिया, पोर्टल संचालन एवं आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उपखंड अधिकारी सहित सभी चार्ज जनगणना अधिकारियों एवं आमजन ने भी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना प्रक्रिया पूर्ण कर सहभागिता का संदेश दिया।

जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने भी अपने निवास पर स्व-गणना कर इस राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत की। अधिकारियों ने संदेश दिया कि पहले स्वयं, फिर परिवार और समाज को जोड़ते हुए ही जनगणना को सफल बनाया जा सकता है। विधायक शांता अमृत लाल मीणा ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश के विकास की आधारशिला है। सटीक जानकारी के आधार पर ही सरकार योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर पाती है। उन्होंने नागरिकों से समय पर स्व-गणना कर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. ने बताया कि जनगणना-2027 में पहली बार डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। प्रगणकों द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संकलन किया जाएगा, जिससे कार्य की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। उन्होंने जिलेवासियों से 1 मई से 15 मई 2026 तक स्व-गणना अवश्य करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि स्व-गणना के पश्चात 16 मई से 14 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य करेंगे, जिसमें नागरिकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध करानी होगी।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने कहा कि स्व-गणना प्रक्रिया नागरिकों के लिए सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक है, जिससे समय की बचत के साथ डेटा की शुद्धता भी सुनिश्चित होती है। वहीं उपखंड अधिकारी जगदीश चंद्र बामणिया ने बताया कि अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम में नगर परिषद आयुक्त गणपत लाल खटीक, सीएमएचओ डॉ. महेंद्र परमार, आयुष विभाग के डॉ. जितेंद्र जोशी, पीएचईडी विभाग के चेतन परमार, पीआरओ पुष्पक मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएं और जनगणना 2027 को सफल बनाएं।

## 6 विधानसभा क्षेत्रों के 55 से अधिक गांवों में पहुंचा ग्राम रथ, 14 हजार से अधिक ग्रामीण हुए शामिल





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान लगातार प्रभावी साबित हो रहा है। अभियान के तहत 29 और 30 अप्रैल को मात्र दो दिनों में 6 विधानसभा क्षेत्रों के 55 से अधिक गांवों तक राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाई गई, जिससे हजारों ग्रामीणों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली।

एलईडी वैन के माध्यम से चलाए जा रहे इस अभियान से दो दिन में कुल 14 हजार 198 ग्रामीण जुड़े। इनमें 7,458 महिलाएं और 6,740 पुरुष शामिल रहे। इस दौरान मौके पर ही 14,271 प्रचार-प्रसार मार्गदर्शिकाएं एवं योजनाओं से संबंधित साहित्य वितरित किया गया। साथ ही प्रगतिशील किसानों और ग्रामीण प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। कला जत्थों के माध्यम से लोक कलाकारों को मंच प्रदान करते हुए योजनाओं की जानकारी रोचक तरीके से आमजन तक पहुंचाई गई।

उल्लेखनीय है कि जिले में 28 अप्रैल से 15 दिवसीय इस अभियान के तहत जयपुर में प्रस्तावित जीआरएएम-2026 कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को 13 विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। ग्राम रथ में लगी सुझाव पेटी के माध्यम से ग्रामीण अपने सुझाव भी दे रहे हैं, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन को और प्रभावी बनाया जा सके।

अभियान के अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। खेरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 2,710 ग्रामीणों ने भाग लिया, जिनमें 1,410 महिलाएं और 1,300 पुरुष शामिल रहे तथा यहां 2,700 साहित्य प्रतियों का वितरण किया गया। मावली क्षेत्र में 2,575 ग्रामीणों (1,290 महिलाएं एवं 1,285 पुरुष) ने सहभागिता निभाई और 2,590 प्रतियां वितरित की गईं।

इसी प्रकार झाड़ोल विधानसभा क्षेत्र में 2,540 ग्रामीण (1,310 महिलाएं एवं 1,230 पुरुष) जुड़े, जहां 2,500 साहित्य पैकेट वितरित किए गए। वल्लभनगर क्षेत्र में 2,380 ग्रामीणों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिनमें 1,345 महिलाएं और 1,035 पुरुष शामिल रहे तथा 2,467 मार्गदर्शिकाएं वितरित हुईं।

गोगुंदा क्षेत्र में दो दिनों में 2,223 ग्रामीणों ने भागीदारी की, जिनमें 1,078 महिलाएं शामिल रहीं और यहां 2,224 साहित्य प्रतियों का वितरण हुआ। वहीं उदयपुर ग्रामीण क्षेत्र में 1,770 ग्रामीणों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें 1,025 महिलाएं और 745 पुरुष शामिल रहे तथा 1,790 प्रतियां वितरित की गईं।

ग्राम रथ अभियान के माध्यम से दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचने से ग्रामीणों को विकास के नए अवसर मिल रहे हैं और सरकार की योजनाओं का लाभ अब अधिक प्रभावी ढंग से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

### खाटूश्यामजी में गेस्ट हाउस विवाद

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई, 3 आरोपी हिरासत में, अन्य की तलाश जारी






पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर/खाटूश्यामजी।** सीकर जिले के खाटूश्यामजी तीर्थ क्षेत्र स्थित दांतारामगढ़ रोड पर ह्यश्रीकृष्णम गेस्ट हाउसह्ण में शुक्रवार तड़के हुई मारपीट और तोड़फोड़ की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन मुख्य आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5:23 बजे आपसी रंजिश, विशेष रूप से कर्मचारियों के दल-बदल को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक हो गया। इस दौरान कुछ लोगों ने गेस्ट हाउस परिसर में अवैध रूप से प्रवेश कर जमकर तोड़फोड़ की और कर्मचारियों के साथ मारपीट की। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत के निर्देश पर पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभाला। पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई प्रारंभ की। पुलिस की सक्रियता के चलते तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। वहीं शेष आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना के बाद कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने भी सख्त रुख अपनाया है। नगरपालिका प्रशासन द्वारा हमलावर पक्ष से जुड़े गेस्ट हाउसों के विरुद्ध सीज (सीलिंग) की कार्रवाई की गई है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि क्षेत्र में स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है और शांति व्यवस्था कायम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## सुखेर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: सुने घर में चोरी करने वाले पोता व दोहिता गिरफ्तार, सोने के जेवर बरामद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** जिले के सुखेर थाना क्षेत्र में सुने मकान में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने परिवार से जुड़े ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सोना भी बरामद किया गया है।

प्रकरण में प्रार्थिया अनिता खटीक ने रिपोर्ट दी कि दिनांक 28.04.2026 को उनके घर की अलमारी से सोने व चांदी के जेवर तथा नगद राशि चोरी हो गई। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि उनका पोता आशीष पूर्व में भी चोरी की वारदात कर चुका है। इस पर पुलिस थाना सुखेर में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निदेर्शानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा एवं वृताधिकारी नगर पश्चिम राजेश यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी सुखेर भरत योगी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

पुलिस द्वारा आसूचना व तकनीकी सहयोग के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त आशीष पुत्र जगदीश निवासी सरकारी स्कूल के पास गांव सुखेर तथा ऋषि पुत्र स्वर्गीय विक्रम निवासी न्यू आरटीओ ट्रैक के पास गांव सुखेर को डिटेन कर पूछताछ की गई। पूछताछ में अपराध प्रमाणित होने पर दोनों को गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया लगभग 27.300 ग्राम सोना बरामद किया गया है। दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर मामले में विस्तृत अनुसंधान जारी है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी भरत योगी, उप निरीक्षक हरीश चन्द्र, हेड कांस्टेबल जसवंत सिंह, हेड कांस्टेबल नितेश मेनारिया एवं कांस्टेबल प्रकाश सिंह शामिल रहे।

## पुलिस थाना सुखेर की बड़ी कार्रवाई: हनी ट्रैप में फंसा कर लूट, अपहरण व फिरौती करने वाले गिरोह का पदार्फाश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** जिले में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना सुखेर ने हनी ट्रैप के जरिए लूट, अपहरण व फिरौती जैसी गंभीर वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सोने की चेन व अंगूठी बरामद कर ली है तथा घटना में प्रयुक्त कार को भी जब्त किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा एवं वृताधिकारी नगर पश्चिम राजेश यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी सुखेर भरत योगी के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई अंजाम दी।

प्रकरण में सामने आया कि अभियुक्ता अनु उर्फ चेरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रार्थी से संपर्क कर दोस्ती की और सुनियोजित साजिश के तहत अपने साथियों के साथ उसे मिलने के लिए फार्म हाउस पर बुलाया। वहां पहुंचने पर आरोपियों ने प्रार्थी के साथ मारपीट कर उसके पहने हुए सोने की चेन, अंगूठी व जेब में रखे नकद रुपये लूट लिए। इसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी का अपहरण कर उसे हनी ट्रैप में फंसाकर 50 हजार रुपये की फिरौती वसूल कर उसे छोड़ा। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया तथा मुखबिर तंत्र व तकनीकी सहयोग के आधार पर आरोपियों की पहचान की। इसके बाद आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर दो आरोपियों को डिटेन कर पूछताछ की गई, जिन्होंने वारदात करना स्वीकार किया। बाद में दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में हिम्मत सिंह पिता फतह सिंह निवासी छातरड़ी थाना झाड़ोल तथा अनु उर्फ चेरी पत्नी सत्यनारायण निवासी टीडवास, बरखेड़ा थाना कोतवाली जिला मंदसौर मध्यप्रदेश हाल सर्वऋतु विलास थाना सुखेर शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से प्रार्थी से लूटी गई सोने की चेन व अंगूठी बरामद कर ली है तथा वारदात में प्रयुक्त कार को भी जब्त किया गया है। आरोपी फिलहाल पुलिस रिमांड पर हैं और उनसे गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी हिम्मत सिंह के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं, जिसमें लूट, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले शामिल हैं।

कार्रवाई में थानाधिकारी भरत योगी, उप निरीक्षक खुमाण सिंह, उप निरीक्षक जगदीश चन्द्र मेनारिया, हेड कांस्टेबल नितेश मेनारिया, कांस्टेबल तरुण, भारत सिंह, शंभु राम, अचला राम, कपिल तथा साइबर सेल के हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह सहित टीम के अन्य सदस्यों की भूमिका रही।

## लोकभवन में महाराष्ट्र और गुजरात स्थापना दिवस मनाया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**जयपुर ।** लोकभवन में शुक्रवार को महाराष्ट्र और गुजरात राज्य का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दोनों राज्यों के लोगों से संवाद कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि भाषायी आधार पर अलग राज्य बनने के बाद से महाराष्ट्र और गुजरात ने देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने सरदार पटेल, महात्मा गांधी और बाल गंगाधर तिलक का स्मरण करते हुए दोनों राज्यों को स्वतंत्रता आंदोलन की उर्वर भूमि बताया। उन्होंने कहा कि गुजरात ने औद्योगिक विकास के साथ अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से विशिष्ट पहचान बनाई है, वहीं महाराष्ट्र संत परंपरा और आध्यात्मिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है। कार्यक्रम में राज्यपाल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए दोनों राज्यों की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

### ग्राम रथ अभियान से रामाजी को मिला पेंशन पीपीओ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** राज्य सरकार के ग्राम रथ अभियान के तहत झाड़ोल क्षेत्र के ग्राम तलई निवासी रामाजी को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का पीपीओ मौके पर ही प्रदान किया गया। चंदवास गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी और समस्याओं का समाधान किया। इसी दौरान रामाजी ने अपनी पेंशन से जुड़ी समस्या बताई, जिस पर अधिकारियों ने तत्काल प्रक्रिया पूरी कर पेंशन स्वीकृति पत्र जारी किया। पेंशन स्वीकृत होने पर रामाजी ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आगरा गांव चौराहे पर दिन-रात जाम का संकट, अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग बनी बड़ी वजह

## प्रशासनिक उदासीनता से ग्रामीण परेशान, पंचायत ने तीन दिन में कार्रवाई का दिया भरोसा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**देपालपुर।** देपालपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आगरा का प्रमुख चौराहा इन दिनों गंभीर यातायात समस्या से जूझ रहा है। यहां दिन हो या रात, लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे ग्रामीणों, राहगीरों, किसानों, व्यापारियों और स्कूली विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



ग्रामीणों के अनुसार जाम की मुख्य वजह गिरोता-रंगवासा मार्ग और देपालपुर-इंदौर मार्ग का क्रॉसिंग चौराहा है, जहां वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। दोनों ओर से एक साथ वाहनों की आवाजाही होने से चौराहे पर कुछ ही मिनटों में लंबी कतारें लग जाती हैं और स्थिति बेकाबू हो जाती है।

### अवैध अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग से बिगड़ी स्थिति

यातायात अव्यवस्था को और गंभीर बनाने में सड़कों के किनारे हो रहे अवैध अतिक्रमण प्रमुख कारण बन रहे हैं। कई स्थानों पर दुकानदारों और अन्य लोगों द्वारा सड़क किनारे कब्जा कर लिया गया है, जिससे मार्ग संकरा हो गया है। इसके चलते बड़े वाहन जैसे ट्रैक्टर-ट्रॉली, बसें और मालवाहक वाहन आसानी से नहीं निकल पाते और जाम की समस्या बढ़ जाती है।

इसके साथ ही सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहन भी समस्या को और बढ़ा रहे हैं। बिना किसी पार्किंग व्यवस्था के मुख्य मार्ग पर खड़े वाहनों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

### प्रशासन और पंचायत की भूमिका पर सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी प्रशासन और ग्राम पंचायत दोनों को है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। न तो यातायात नियंत्रण की कोई ठोस व्यवस्था की गई और न ही अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की गई है। लगातार बढ़ती समस्या के बावजूद जिम्मेदारों की निष्क्रियता से लोगों में नाराजगी है।

### शिकायत मिलने पर कार्रवाई: तहसीलदार

हातोद तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि यदि इस संबंध में कोई शिकायत दर्ज करवाई जाती है तो प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अतिक्रमण पर धारा 148 के तहत होगी कार्रवाई

नायब तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि यदि शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण की सूचना मिलती है तो धारा 148 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित विषय न्यायिक तहसीलदार डी.के. वर्मा के कार्यक्षेत्र में भी आते हैं।

### तीन दिन में नोटिस जारी होंगे: सरपंच

ग्राम पंचायत आगरा के सरपंच मनोज छाड़ियां ने बताया कि पंचायत द्वारा कई बार अतिक्रमणकारियों को समझाइश दी गई है, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। अब एसडीएम एवं तहसीलदार के निर्देशानुसार तीन दिनों के भीतर सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों की मांग– स्थायी समाधान हो

ग्रामवासियों ने मांग की है कि चौराहे पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाए, अवैध अतिक्रमण हटाया जाए, सड़क किनारे पार्किंग पर रोक लगे और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए संकेतक लगाए जाएं।

ग्रामीणों का कहना है कि आगरा चौराहा क्षेत्रीय आवागमन का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। यदि समय रहते प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो यह समस्या आगे चलकर जनआक्रोश का कारण बन सकती है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन और पंचायत के आश्वासन कब जमीन पर उतरते हैं।

---

# थूर में सिद्धि विनायक मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 5-6 मई को








पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** बड़गांव तहसील के थूर (घाटी) गांव में नवनिर्मित श्री सिद्धि विनायक मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन 5 व 6 मई को होगा। आयोजन संत अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी के सानिध्य में संपन्न होगा। 5 मई को मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया तथा मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इस दिन विशाल भजन संध्या में छोटू सिंह रावणा, मधुबाला राव, महावीर सांखला एवं अनिल डांगी भक्ति प्रस्तुतियां देंगे। 6 मई को प्रातः 9 बजे मुख्य समारोह में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा होगी। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है। आयोजक नारायण लाल डांगी ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

---

# ग्राम रथ अभियान से गांवों की बदल रही तस्वीर





**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार का ग्राम रथ अभियान जिले में जनजागरूकता का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है, जिसके जरिए योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंच रही है। जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. के निर्देशन में संचालित इस अभियान के तहत 13 विभागों की योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे ग्रामीणों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। एलईडी स्क्रीन, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों एवं अन्य नवाचारों के माध्यम से ग्रामीणों को सरल भाषा में योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इससे पेंशन, कृषि, रोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है। प्रशासन के अनुसार अभियान से आमजन को मौके पर ही मार्गदर्शन मिल रहा है और सकारात्मक प्रतिक्रिया भी सामने आ रही है, जिससे यह पहल जनकल्याण का प्रभावी माध्यम बनती जा रही है।

---

# ओगणा थाना की बड़ी कार्रवाई, नकबजनी व लूट का पदार्फाश




**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले के ओगणा थाना क्षेत्र में नकबजनी व लूट की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा चोरी किया गया माल बरामद किया गया है। प्रार्थी बदाराम निवासी वासखेड़ा फला डुगरी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज हुआ, जिसमें बदमाशों द्वारा रात में घर में घुसकर एक क्विंटल मक्का, तीन क्विंटल गेहूं, तीन बकरे, चार बकरियां, मोबाइल व चांदी के कड़े चोरी करने की घटना सामने आई। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल तथा वृताधिकारी विवेक सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी रामरूप मीणा के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। पुलिस ने तकनीकी सहयोग से आरोपियों चूना, तेजा व फागणा निवासी पाटिया को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से तीन बकरे, एक मोबाइल फोन व चांदी का कड़ा बरामद किया गया। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल अशोक कुमार सहित पुलिस टीम शामिल रही।

---

# जनगणना-2027 : उदयपुर में स्व-गणना की शुरूआत, जिला परिषद में लगा विशेष कैंप





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के लिए स्व-गणना प्रक्रिया की शुरूआत के साथ ही उदयपुर जिला प्रशासन सक्रिय नजर आया। इसी क्रम में जिला परिषद सभागार में विशेष स्व-गणना कार्यशाला एवं कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी स्व-गणना दर्ज की। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित इस कैंप में स्व-गणना प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझाने और मौके पर ही पंजीयन कराने पर विशेष जोर दिया गया। जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पोर्टल के जरिए स्व-गणना कर अभियान की शुरूआत की।

इस दौरान उप जिला जनगणना अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक सांख्यिकी पुनीत शर्मा सहित विशेषज्ञों ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को पोर्टल के उपयोग, आवश्यक जानकारियों एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### 15 मई तक उपलब्ध रहेगी स्व-गणना सुविधा

जनगणना के प्रथम चरण में 1 मई से 15 मई 2026 तक आमजन के लिए स्व-गणना पोर्टल उपलब्ध रहेगा, जिससे नागरिक घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात 16 मई से 14 जून 2026 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर डेटा का सत्यापन किया जाएगा। स्व-गणना के लिए निर्धारित वेब पोर्टल हिंदी, अंग्रेजी सहित 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। परिवार का मुखिया लगभग 15 से 20 मिनट में पूरी प्रक्रिया पूर्ण कर सकता है और उसे एक यूनिक स्व-गणना आईडी प्राप्त होती है, जिसे प्रगणक के सत्यापन के दौरान साझा करना आवश्यक होगा।

### जिला कलेक्टर ने की अपील

जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने सभी राजकीय कर्मचारियों एवं आमजन से स्व-गणना में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नागरिक केवल अधिकृत पोर्टल का ही उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी से सतर्क रहें।

---

# स्व-गणना अभियान की जोरदार शुरूआत, वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं किया पंजीकरण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**भीलवाड़ा।** जनगणना-2027 के अंतर्गत जिले में स्व-गणना अभियान की प्रभावी शुरूआत हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं भाग लेकर आमजन के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उप जिला जनगणना अधिकारी एवं उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग डॉ. सोनल राज कोठारी ने बताया कि जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला वन अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्व-गणना पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर प्रक्रिया पूर्ण की। अधिकारियों की इस पहल से आमजन में भी स्व-गणना के प्रति उत्साह बढ़ा है। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिले के अधिकांश राजकीय कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों ने भी स्व-गणना कर अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई है। सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि स्व-गणना के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति सीधे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य से जुड़ सकता है। यह प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक है, जिसका अधिक से अधिक लाभ उठाया जाना चाहिए।

---

# विशेष निरोधात्मक अभियान में बड़ी कार्रवाई: हजारों लीटर वॉश नष्ट, अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियोग दर्ज

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए 1 से 15 मई 2026 तक चलाए जा रहे विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न जिलों में नाकाबंदी, गश्त एवं दबिश देकर हजारों लीटर वॉश नष्ट किया गया तथा अवैध शराब जब्त कर नियमानुसार अभियोग दर्ज



किए गए। आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन अनिल कुमार शर्मा के सुपरविजन में अभियान संचालित किया जा रहा है। जीरो टोलेंस नीति अपनाते हुए अन्य राज्यों से शराब तस्करी, अवैध मदिरा परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। बांसवाड़ा जिले में आबकारी थाना क्षेत्र बांसवाड़ा एवं कुशलगढ़ में दबिश के दौरान लगभग 2 हजार लीटर वॉश नष्ट कर 42 बोतल अवैध हथकड़ शराब जब्त की गई तथा मौके से 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

---

## खबर संक्षेप

### पुलिस थाना बाघपुरा की बड़ी कार्यवाही

# लूट के मामले में 03 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर।** जिले में पुलिस थाना बाघपुरा ने लूट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे




आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी झाड़ोल विवेक सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी बाघपुरा वेलाराम के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। प्रकरण संख्या 13/2026 धारा 310(2) बीएनएस एवं 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी राजवीर पुत्र प्रकाशचन्द्र निवासी उपली गोरण थाना बाघपुरा को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पूर्व में 02 बाल अपचारियों को डिटेन कर लूट में प्रयुक्त तलवार एवं लूटा गया मोबाइल बरामद किया जा चुका है।

घटना के अनुसार दिनांक 23.01.2026 को रात्रि करीब 10 बजे प्रार्थी किशनलाल मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था, तभी खाटीकमदी गांव के नाडा स्थान पर तीन बदमाश मोटरसाइकिल पर आए और उसे रोककर मारपीट की। इस दौरान एक आरोपी ने तलवार के उल्टे हिस्से से वार कर उसे घायल कर दिया तथा आरोपी उसके पास से मोबाइल, 12 हजार रुपये नगद एवं दस्तावेज लूटकर फरार हो गए।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी वेलाराम, सहायक उप निरीक्षक प्रवीण कुमार, सहायक उप निरीक्षक योगेश कुमार, कांस्टेबल जीवतराम, महेन्द्र सिंह एवं साइबर सेल के लोकेश कुमार शामिल रहे।

### पुलिस थाना गोगुन्दा की बड़ी कार्रवाई

# ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अवैध गांजा सहित बोलेरो जब्त, 02 तस्कर गिरफ्तार

**उदयपुर।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस थाना गोगुन्दा एवं




डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। कार्रवाई के दौरान अवैध गांजा परिवहन कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गांजा एवं बोलेरो वाहन जब्त किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं वृताधिकारी वृत्त गिर्वा गोपाल चंदेल के सुपरविजन में थानाधिकारी गोगुन्दा श्याम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम एवं डीएसटी ने मुखबिर सूचना के आधार पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी नम्बर पख-07-वअ-4479 को रुकवाकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया, जिसका कुल वजन 05.044 किलोग्राम निकला। पुलिस ने गांजा व बोलेरो वाहन को जब्त कर चालक हरिराम पिता लालाराम निवासी शोभावास थाना सायरा एवं उसके साथी मनीष पिता किशन निवासी नांदेशमा थाना गोगुन्दा जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है। पुलिस द्वारा आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई व नेटवर्क के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में थानाधिकारी श्याम सिंह मय टीम एवं विक्रम सिंह उप निरीक्षक प्रभारी डीएसटी मय टीम की विशेष भूमिका रही।

### नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा की कार्रवाई

# 7 कैंटर सामान जब्त, अतिक्रमण हटाया

**जयपुर ।** नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निदेर्शानुसार एवं प्राप्त शिकायतों के आधार पर सतर्कता शाखा की टीम ने शुक्रवार को शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 7 कैंटर सामान जब्त किया। उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में यह कार्रवाई नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत जगतपुरा रेलवे फाटक के पास एवं त्रिवेणी नगर पुलिया के नीचे की गई, जहां अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकताओं का सामान जब्त कर निगम के गोदाम में भिजवाया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि अभियान के दौरान मौके पर ही अतिक्रमण करने वालों को समझाइश दी गई और उन्हें भविष्य में समय रहते अतिक्रमण हटाने के लिए मौखिक रूप से पाबंद किया गया।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।